दिनांक 13.11.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में कैमूर जिलान्तर्गत मंडल कारा भभुआ परिसर में 204 क्षमता के 01 अद्द बंदी कक्ष के निर्माण कार्य से प्राप्त निविदा के वित्तीय बीड पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-

---

उपस्थितिः-

(i) **श्री प्रणव कुमार,** - **अध्यक्ष**
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - **सदस्य**
अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iii) **श्री विनोद चौधरी,** - **सदस्य**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - **सदस्य**
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

1	कार्य का नाम	- कैमूर जिलान्तर्गत मंडल कारा भभुआ परिसर में 204 क्षमता के 01 अद्द बंदी कक्ष के निर्माण कार्य।
2	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का	- ₹3,22,53,000/- (संयुक्त सचिव-सह-निदेशक(प्र0), गृह विभाग कारा का ज्ञापांक-2200 दिनांक-15.03.2023)।
3	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	- ₹2,83,90,600/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-174(नि0) अनु0 दिनांक-19.12.2025)।
4	परिमाण विपत्र की राशि	- ₹2,82,03,266/- (असैनिक कार्य) ₹13,76,043/- (विद्युत कार्य)
5	निविदा की राशि	- ₹2,95,79,310/- (विद्युतीकरण कार्य सहित)
6	निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग	- पी0आर0संख्या-007620(भ0) 26-27 प्रभात खबर समाचार पत्र में दिनांक-14.07.2026 में प्रकाशित।
7	निविदा आमंत्रण की तिथि	- 21.07.2026
8	प्री-बीड की बैठक की तिथि	- 25.07.2026 (अधी0अभि0) / 28.07.2026 (मु0अभि0)
9	निविदा की तिथि	- 21.07.2026
10	निविदा खोलने की तिथि	- 12.08.2026
11	**निविदादाता का नाम एवं पता**	-

(1) मे0 कनिका श्री सिवकॉन (ओ0पी0सी0) प्रा0 लि0, पाटलीपुत्रा, पटना (Reg. No- 2240021, Class-II, BCD)।

(2) हितेश शेखर आजाद, चकभिकी, मुजफ्फरपुर (Reg. No- 2260194, Class-II, BCD)।

(3) श्री राम कंसट्रक्सन, रामगढ़ बाजार, भभुआ (Reg. No- MD/BSEIDCL/1060, Class-I, BSEIDCL)।

(4) संस्कृति इन्टरप्राईजेज, हाजीपुर, वैशाली (UDAYAM Reg.No- UDYAM-BR-37-0051354)।

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-

दिनांक-18.03.2026 को इस निविदा में एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-

दिनांक-11.06.2026 को इस निविदा में सभी निविदाकार असफल होने के कारण निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

तृतीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-

दिनांक 09.10.2026 को विभागीय निविदा समिति की बैठक मे इस निविदा मे भाग लिए एक निविदाकार को सफल किया गया था। तकनीकी बीड के निर्णय पर आपत्ति/परिवाद दर्ज करने हेतु विभागीय वेबसाईट पर दिनांक-15.10.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक रखा गया। निर्धारित समय अवधि में किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त नही हुआ है। तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का अनुभव प्रमाण-पत्र का सत्यापन कराया गया, जो सही पाया गया है, तदोपरांत वित्तीय बीड खोलकर कर कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भभुआ के द्वारा भेजा गया है, जो निम्नवत् हैः-

क्र0 सं0	संवेदक का नाम	निविदा की राशि	उद्धृत दर (परिमाण विपत्र के दर से)	उद्धृत राशि
1	मे0 कनिका श्री सिवकॉन (ओ0पी0सी0) प्रा0 लि0,पाटलीपुत्रा पटना (Reg. No- 2240021, Class-II, BCD)।	₹2,95,79,310/-	8.11 % कम	₹ 2,71,80,428/-

उपर्युक्त विवरणी से स्पष्ट है कि इस कार्य के लिए न्यूनतम वैध निविदाकार मे0 कनिका श्री सिवकॉन (ओ0पी0सी0) प्रा0 लि0, पाटलीपुत्रा, पटना (Reg. No- 2240021, Class-II, BCD) है।

13 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का अनुशंसाः-**

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार ''कनिका श्री सिवकॉन (ओ0पी0सी0) प्रा0 लि0, पाटलीपुत्रा, पटना (Reg. No- 2240021, Class-II, BCD)'' को परिमाण-विपत्र की दर से 8.11 प्रतिशत कम दर पर अर्थात् ₹2,71,80,428/- (दो करोड़ एकहत्तर लाख अस्सी हजार चार सौ अठाईस रूपये) मात्र पर कार्य आवंटित करने एवं स्वीकृत्यादेश निर्गत करने हेतु मुख्य अभियंता (द0) को प्राधिकृत करने का अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

14 **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

कैमूर जिलान्तर्गत मंडल कारा भभुआ परिसर में 204 क्षमता के 01 अद्द बंदी कक्ष के निर्माण कार्य के वित्तीय बीड पर दिनांक-04.11.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

ह0/-	ह0/-	ह0/-	ह0/-
(विकास कुमार पाण्डेय)	(विनोद चौधरी)	(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)	(प्रणव कुमार)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,	मुख्य अभियंता (द0)	अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त	सचिव,
भवन निर्माण विभाग,	भवन निर्माण विभाग,	-सह- विशेष सचिव,	भवन निर्माण विभाग,
बिहार पटना।	बिहार पटना।	भवन निर्माण विभाग,	बिहार पटना।
		बिहार पटना।	

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्रा0-01-75/2025..2620 S.. पटना/दिनांक..13/11/26

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/11/26

मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/T.F.P./2026- 136